C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:56 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:38 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



अब अपराध से सतर्क करेंगे...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 56 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 11 अगस्त 2026

## News कॉर्नर

### नैनीताल में पर्यटकों की कार से काली पन्नी निकाली

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल गांधी चौक में चेकिंग के दौरान पुलिस ने काली पन्नी लगे दो पर्यटकों के वाहनों को रोककर कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों कारों के शीशों से काली पन्नी निकलवाई और एमवी एकट के तहत चालान किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को रोककर शीशों से काली पन्नी हटाने को कहा। इस पर पर्यटकों ने पहले पन्नी हटाने से इनकार कर दिया। दिल्ली निवासी रामजी ने काली पन्नी लगाने की गलती मानने से इनकार किया वहीं गुजरात निवासी सत्यदीप ने बताया कि उसे स्किन एलर्जी है जिसके चलते उसने कार के शीशों पर काली पन्नी लगाई है।हालांकि वह पुलिस के समक्ष एलर्जी से संबंधित कोई मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर सका। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि कार के शीशों पर काली पन्नी लगाने और पुलिस से उलझने पर दिल्ली निवासी रामजी और गुजरात निवासी सत्यदीप के खिलाफ एमवी एकट के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों वाहनों से काली पन्नी हटवाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

### लोअर माल रोड का मरम्मत कार्य फिर रुका

**नैनीताल** । नगर की लोअर मॉलरोड के स्थायी मरम्मत कार्य को 15 अगस्त तक पूरा कर यातायात शुरू करने का विभाग का दावा एक बार फिर पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी के बीच अब कार्यदायी संस्था ने अगस्त माह के अंत तक काम पूरा करने का नया दावा किया है। फिलहाल ड्रिलिंग में पाइलिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली केसिंग खत्म होने के कारण काम रुक गया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि ड्रिलिंग में इस्तेमाल होने वाली केसिंग गाजियाबाद से मंगाई जाती है। कांवड़ यात्रा के चलते सामान की आपूर्ति प्रभावित हुई है। केसिंग पहुंचते ही ड्रिलिंग का काम दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान पहुंचने पर 12 अगस्त से काम शुरू होने की संभावना है।

## खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत निगम क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुपालन तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुग्ध एवं दुग्ध विक्रय करने वाले आधा दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सहायक खाद्य आयुक्त अजब सिंह रावत के नेतृत्व में चलाए गए निरीक्षण अभियान के दौरान विशेष रूप से डेयरी उत्पाद, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, मानक एवं लेबलिंग आदि का निरीक्षण किया



गया। उक्त निरीक्षण अभियान / कार्य आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 30 (2) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में किया गया। उक्त आदेश में ऐसे अमानकीकृत डेयरी एनालॉग अथवा गैर-दुग्ध उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण, भण्डारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो वास्तविक दुग्ध उत्पाद होने का आभास कराते हैं।

अभियान के दौरान नगर निगम हल्द्वानी को बाजपुर से आ रहे एक वाहन से 01 पनीर का नमूना तथा 01 देसी घी का नमूना संग्रहित किया गया। जिसे जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सूचना जानकारी के आधार पर संदेह के दृष्टिगत गोवर्धन घी का नमूना संग्रहित कर जॉच हेतु भेजा गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य डेयरी प्रतिष्ठान से मदर डेयरी घी का नमूना भी जांच हेतु लिया गया। उक्त सभी नमूनों को नियमानुसार सील एवं सुरक्षित करते हुए जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानक एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं के संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

यह भी अवगत कराया कि नमूना रिपोर्ट प्राप्त होने से पूर्व किसी भी उत्पाद को अधोमानक, असुरक्षित घोषित नहीं किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर ही संबंधित खाद्य कारोबार संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं उसके अधीन बनाए गए नियम विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि आकस्मिक निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### प्रशासन ने मुनादी कर लोगों को सावधानी बरतने को कहा

# नीती घाटी में बादल फटा, एक व्यक्ति लापता, आवाजाही ठप

**चमोली**
हमारे संवाददाता

चमोली की नीती घाटी में बादल फटने से तमक नाले में आई बाढ़ ने ज्योतिर्मठ-नीती-मलारी हाइवे पर वैली ब्रिज को बहा दिया है।

नीती घाटी के तमक नाले में एक बार फिर से बाढ़ की स्थिति बनी है। तमक नाले के उपरी क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ ने ज्योतिर्मठ नीती मलारी हाइवे पर तमक गांव में 123 बीआरटीएफ, सुराईथोटा द्वारा निर्मित वैली ब्रिज बहा दिया है। इस दौरान मौके पर मौजूद सीमा सड़क संगठन का हवलदार के साथ एक वाहन भी बहा है। फिलहाल सीमा क्षेत्र का संपर्क देश दुनिया से कट गया है। ज्योतिर्मठ से लगभग 40 किमी दूर तमक गांव में तमक नाले में सोमवार को बाढ़ की स्थिति बनी। बताया गया कि नीती घाटी में सुबह से ही रूक रूक कर बारिश हो रही थी। तमक नाले में का जल स्तर बढ़ना शुरू हुआ। बताया गया कि पहले तीन बजे लगभग नाले का जल स्तर बढ़ा, इसके बाद फिर साढ़े



चार बजे भी एक बार फिर तमक नाले का जल स्तर बढ़ा, तब पुल के आसपास खेतों को नुकसान पहुंचा था। हाइवे पर भी पानी आया, लेकिन लगभग पांच बजे तमक नाले में ऐसा जल प्रलय आया कि वह वैली ब्रिज को ही बहा कर ले गया। बताया गया कि इस दौरान पैदल सुरक्षित स्थान पर भाग रहे सीमा सड़क संगठन के हवलदार पंकज भी नाले में आई बाढ़ के चपेट में आकर लापता हो गए। पुल के पास सड़क पर खड़ी बीआरओ का कैंपर वाहन भी बह गया। बताया गया कि बाढ़ में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तथा खेती व सेब के बगीचे भी बहे हैं।

बाढ़ का पानी के साथ पत्थर मलबा मिट्टी ने तमक गांव से नीचे बह रही भागीरथी गंगा की जल धारा को भी कुछ समय के लिए रोक दिया था। बाढ़ के दौरान मौके पर मौजूद बीआरओ के आफीसर्स कमांडेंट सहित अन्य कर्मचारियों, मजदूरों व स्थानीय ग्रामीणों ने भाग कर जान बचाई।

## पुरानी चुंगी के पास हादसा
## हल्द्वानी से नैनीताल आ रही कार खाई में गिरी, चार लोग घायल

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी से नैनीताल आ रही एक कार ताकुला के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, हादसे के समय वाहन में चार लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला गया, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि राजेंद्र सिंह मनराल द्वारा ताकुला के समीप वाहन के खाई में गिरने की सूचना दी गई थी, सूचना पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में सवार चारों व्यक्तियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, सभी को सामान्य चोटें आई हैं और उनका उपचार चल रहा है। बताया की वाहन संख्या यूके 07 एम 7810 में नवीन चंद्र (28), कैलाश चंद्र (66), नितेश (23) देवी दत्त (63) सवार थे. बताया जा रहा है कि तीन लोग पिथौरागढ़ और एक व्यक्ति टिहरी गढ़वाल का रहने वाला है। सभी लोग नैनीताल कोर्ट के सिलसिले में आ रहे







थे। ताकुला के पास वाहन अनियंत्रित होने के बाद खाई में जा गिरा। इस दौरान कांस्टेबल दीपक उपाध्याय,बसंत मेहरा आदि रहे।

## अज्ञात कार की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की मृत्यु,बाप बेटे घायल

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

गदरपुर रोड पर अज्ञात कार ने बाइक को रौद दिया। इससे महिला समेत तीन घायल हो गए। घायलों को दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर महिला के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मृतका का बेटा व उसका पोता के चोटें आई हैं। उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजाद नगर निवासी, 52 वर्षीय, रामबेटी पत्नी रूप चंद बेटा, कमल के साथ बाईक से दवा लेने गदरपुर गई। महिला के साथ उसका पांच साल का पोता भी था। शाम को वापस लौट रही। चौकी के समीप किसी अज्ञात कार ने बाईक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टक्कर लगने के बाद बाईक सवार तीनों सड़क पर गिर गये। मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल कमल व बालक का उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक बेटे साथ दवा लेने गदरपुर गई थी। परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल मामले में मृतका के परिजनों ने कार्रवाई को तहरीर नहीं दी है।

## नशे के इंजेक्शनों का सौदागर गिरफ्तार, काठगोदाम में पुलिस ने दबोचा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

काठगोदाम पुलिस की चेकिंग के दौरान नशे के इंजेक्शनों की सप्लाई करने का कथित खेल सामने आया है। गौला बैराज से पहले आलिजा फूड कॉर्नर के पास संदिग्ध हालत में स्कूटी लेकर भागने की कोशिश कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी में उसकी स्कूटी की डिग्गी से पांच सिरिंज और पांच इंजेक्शन बरामद है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब एक बजे के बाद एसआई दिलीप कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मल्ला काठगोदाम क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान आलिजा फूड कॉर्नर के पास खड़ी गाड़ियों की आड़ में एक स्कूटी पर व्यक्ति बैठा दिखाई दिया। पुलिस को अपनी ओर आता देख उसने स्कूटी स्टार्ट



कर मौके से निकलने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रमोद सैन, निवासी कुसुमखेड़ा बताया। पुलिस के अनुसार वह स्कूटी के कागजात भी नहीं दिखा सका। डिग्गी की तलाशी लेने पर पारदर्शी पन्नी में नशीले इंजेक्शन और सिरिंज बरामद हुईं। कार्रवाई के बाद अब पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन आरोपी तक कैसे पहुंचे और इनके पीछे सप्लाई की पूरी चेन में कौन-कौन लोग जुड़े हैं। आरोपी द्वारा किच्छा से इंजेक्शन खरीदने की बात बताए जाने के बाद पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है। पुलिस ने बरामद माल को कब्जे में लेकर सील किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को स्कूटी और बरामद नशीले इंजेक्शनों के साथ अग्रिम कार्रवाई के लिए कोतवाली काठगोदाम ले जाया गया।

### खुद भी करता हूं नशा, बेचने के लिए लाया था

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह कई वर्षों से इंजेक्शन का नशा करने का आदी है। उसके मुताबिक वह दो-तीन दिन पहले किच्छा से अजय नाम के व्यक्ति से इंजेक्शन खरीदकर लाया था। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने कुछ युवकों को इंजेक्शन बेचने के लिए लाने की बात भी बताई।

### इंजेक्शन का नशा या पूरा नेटवर्क?

बरामदगी के बाद पुलिस के सामने सिर्फ आरोपी की गिरफ्तारी का मामला नहीं, बल्कि इंजेक्शन की सप्लाई लाइन तक पहुंचने की चुनौती भी है। आरोपी के बयान में किच्छा से खरीद और हल्द्वानी में बिक्री की बात सामने आने से जांच का दायरा बढ़ सकता है।

# श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट कोलकोत्ता करेगा गोयनका संगम

नैनीताल
हमारे संवाददाता




देश के महानगरों में समृद्ध व्यापारिक परिवारों में पैदा हुए गोयनका समुदाय की नई पीढ़ी को अपनी मातृ भूमि की भीनी खुसबू तथा प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं व इतिहास और पारिवारिक विरासत से भावनात्मक तौर पर जोड़ने के लिए गोयनका समुदाय हर साल भाद्रपद अमावस्या को राजस्थान के फ तेहपुर शेखावाटी में समुदाय के प्राचीन मन्दिर श्री बीरा बरजी मन्दिर में अपनी कुल देवी बीरा बरजी दादी जी के मन्दिर में इकठ्ठा होते हैं।

श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट कोलकोत्ता द्वारा गोयनका संगम का यह उत्सव हर साल इसी समय हिन्दू तिथियों के अनुसार भाद्रपद अमावस्या को आयोजित किया जाता है जिसमें भारत और विश्व के बिभिन्न हिस्सों से समृद्ध परिवारों के गोयनका समुदाय के लगभग छह सौ लोग अपने परिवार सहित पांच दिन तक अपने पूर्वजों के पैतृक स्थल पर रहते हैं और अपने पूर्वजों की आत्मा की शान्ति और वर्तमान पीढ़ी की खुशहाली और प्रगति की कामना करते हैं।

इस दौरान मारवाड़ी समुदाय से जुड़ी अनेक विशिष्ट धार्मिक रीति रिवाजों तथा परंपराओं, खान पान तथा पहरावे आदि की युवा पीढ़ी को जानकारी दी जाती है ताकि वे अपनी पहचान और परंपराओं को जान सकें। श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट कोलकत्ता के तत्वाव धान में इस साल यह गोयनका संगम 7 से 11 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस संगम में जी समूह के चेयरमैन सुभाष चन्द्रा, इमामी ग्रुप के को चेयरमैन श्री आर एस गोयनका, टैली ग्रुप के चेयरमैन भरत गोयनका तथा पशुपति ग्रुप के चेयरमैन श्री विष्णु गोयनका ए गोल्डन गोयनका समूह के चेयरमैन श्री गिरधारी लाल गोयनका तथा टैली सोलूशन्स के चेयरमैन श्री भरत गोयनका, गोल्डी मसाले के निदेशक श्री आकाश गोयनका सहित देश बिदेश के दिग्गज उद्योगपति हिस्सा लेंगे। संगम में देश बिदेश से व्यापारिक घरानों के लगभग छह सौ लोग इस संगम में शिरकत करेंगे।श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट कोलकोत्ता के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री सुशील कुमार गोयनका ने बताया कि फ तेहपुर शेखावाटी में आयोजित किये जाने वाले इस पांच दिवसीय गोयनका संगम के चौथे दिन 10 सितंबर को व्यापार ,समाज सेवा,कला, विज्ञान व खेल कूद, शिक्षा,साहित्य व स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका समुदाय के शूरवीरों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इसी दिन रात्रि को श्रीमती कृष्णा विजयवर्गीय कोटा द्वारा जागरण ओढ़नी उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

बताया कि राजस्थान के मुखयमंत्री श्री भजन लाल शर्मा 10 सितंबर को इस समारोह के पुरस्कार बितरण समारोह के मुखय अतिथि होंगे जबकिराजस्थान सरकार के शहरी विकास, आवास और स्थानीय निकाय राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करेंगे, इसके इलावा सांसद, विधायक और अन्य जन प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी भी पुरस्कार समारोह में हिस्सा लेंगे। श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा देश की प्रगति में अपना सर्वोच्च स्थान रखने वाले गोयनका परिवार के सदस्यों के लिए बर्ष 2019 में इन बार्षिक पुरस्कारों की शुरुआत की गयी है।श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट की अवार्ड समिति के चेयरमैन श्री अरुण गोयनका ने सभी योग्य वयक्तियों से स्वयं या पात्र वयक्तियों को इस अवार्ड के लिए नामांकित करने का अनुरोध किया। यह नामांकन ट्रस्ट की वेबसाइट पर भेजे जा सकते हैं। इन पुरस्कारों के बिजेताओं की घोषणा सितंबर के पहले हसे में की जाएगी, विजेताओं का चयन तीन सदस्य ज्यूरी द्वारा किया जायेगा जिसमें समाज के गण मान्य व्यक्तियों को शामिल किया गया है।गोयनका समुदाय का भारतीय उद्योग जगत पर पिछले तीन शताब्दियों से दबदबा रहा है और इन्होने भारत के इलावा अमेरिका, इंग्लैंड, जापान,दुबई, सिंगापुर सहित अनेक देशों के आर्थिक विकास में अथाह योगदान किया है।इस अवसर पर प्रमुख कथा वाचक पूजय साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती दीदी जी वृन्दावन 6 सितंबर से 8 सितंबर तक तीन दिन तक धार्मिक प्रवचन देंगी।इस प्रवचन में स्थानीय लोगों को विशेष रूप से आमन्त्रित किया जाता है ताकि वह धार्मिक प्रवचन सुन सकें और प्रसाद ग्रहण कर सकें। इस दौरान योग साधना,परिचय मिलन संगोष्ठी तथा मोटिवेशन आदि सत्र भी आयोजित किये जायेंगे। कहा कि किसी भी अतिरिकत जानकारी के लिए मीडिया एडवाइजर डा.जी.एल. महाजन से उनके मोबाइल नंबर -9868520019 पर संपर्क किया जा सकता है।



## मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर, 215 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देशन में प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमताल में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बावजूद क्षेत्रवासियों ने उत्साह के साथ शिविर में 215 लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं एवं विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया।

इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत मर्तोलिया एवं विधायक प्रतिनिधि पंकज उप्रेती द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कमल जोशी, पंकज जोशी (व्यापार मंडल अध्यक्ष), राजेश सांगुडी, पारस चंद, कुलदीप बोहरा, युग चंद्र, प्रकाश चंदोला, ममता दुमका, शिप्रा जोशी, पंकज कुमार, जानकी देवी, लीला मेहरा एवं ललिता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के और करीब पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। आज मौसम प्रतिकूल होने और लगातार बारिश के बावजूद जिस तरह क्षेत्रवासियों ने शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया और मुहैया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायाए वह अत्यंत सराहनीय है।शिविर के सफ ल आयोजन में स्वास्थिशील गुरानी, सुरेंद्र बिष्ट, दिनेश रावत, जगमोहन रौतेला, किरण कांडपाल, आर.डी. कत्यूरा, जिला आईईसी अधिकारी दीवान सिंह बिष्ट के साथ कमयुनिटी हेल्थ ऑफिसर, आशा कार्यकत्रियों, एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में भावी कार्यक्रमों हेतु गहन मंथन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल क्लब में सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा नैनीताल नगर मंडल द्वारा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी की अध्यक्षता में कार्यकर्ता परिचय, स्वागत तथा मां के नाम एक पेड़ एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक सरिता आर्याप जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नैनीताल व जिला प्रभारी किसान मोर्चा नैनीताल प्रताप बोरा, मंडल अध्यक्ष नैनीताल नगर नितिन कार्की,मंडल अध्यक्ष भवाली मंडल हिमांशु बिष्ट,किसान मोर्चा जिला महामंत्री विपिन कांडपाल, उपाध्यक्ष चंद प्रकाश उपाध्याय,जिला मंत्री लाल सिंह बिष्ट, जिला मीडिया सह संयोजक शैलेश सिंह बिष्ट समेत मयंक पंत,आशीष बजाज,युवराज करायत,विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक भरत सिंह मेहरा,कृष्ण कुमार शर्मा, गोविन्द सिंह मेहरा,कमल जोशी, हीरा सिंह रावत,हरीश बुडलाकोटी, राहुल जोशी, दीपक बिष्ट, विक्रम साह, हेमंत बेदी,गौरव हॉपर व प्रियांशु कुमार आदि मौजूद रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## ओखलकांडा के कई गांवों में पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

नैनीताल
हमारे संवाददाता



जिले के ओखलकांडा विकास खंड के कूल पंचायत घर में आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों ने घर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पाने की वजह से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें भाजपा नेता हेम चंद्र आर्या की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में कूल समेत चोपड़ा, सिरसा तथा नैनीपुल आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या बतायी है।

ग्रामीणों ने आर्य को बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पंपिंग योजना और हर घर जल योजना का काम अधूरा पड़ा है। योजना के अंतर्गत 1-1 लाख लीटर की क्षमता वाले दो टैंक और एक 30 हजार लीटर का टैंक बनाया गया है लेकिन निर्माण कार्य में भारी लापरवाही के कारण इन नए टैंकों में अभी से दरारें आ चुकी हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पानी सप्लाई मशीन अभी तक नहीं लगाई गई है। इस वजह से गांव के लोग आज भी मीलों दूर से अपने सिर पर पानी के बर्तन रखकर लाने को मजबूर हैं। आर्य ने जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए तुरंत जल संस्थान के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की।

उन्होंने विभाग को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही संबंधित विषय पर अधिकारियों से भी जानकारी ली और जल्द से जल्द जनहित के कार्यों को त्वरित प्रभाव से सुनवाई कर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करने को कहा। बातचीत में अधिकारियों ने बजट की कमी के कारण कार्य में देरी का प्रमुख कारण बताया जिस पर हेम आर्य ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे जल्द से जल्द संबंधित विषय पर सीएम से वार्ता कर जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करेंगे। बैठक में जीवन चंद्र, राजन लाल,नंद किशोर, लीला देवी, चंपा देवी, कमला देवी, बसंती देवी, नवीन चन्द्र, दिनेश तिवारी, नारायण सिंह खत्री व सुखदेव समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### नैनीताल जिले के 10 मोटर मार्ग बंद

**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के कई क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बारिश की वजह से यातायात बाधित हो रहा है। नैनीताल स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बारिश की वजह से मार्गो में आए मलुवे व भूस्खलन की वजह से 10 मोटर मार्ग बंद हैं। जो मार्ग बंद हैं उनमें क्रमश: छिड़ाखान- अधोरा-अमजड़ मोटर मार्ग,ढोलीगांव-घेना मोटर मार्ग, स्यूड़ा-हरीशताल मोटर मार्ग, मोरनोला-भीड़ापानी तथा डोलकोट-खलाड़ मोटर मार्ग तथा डोलकोट-पंगकटारा-खलाड मोटर मार्ग , हरिनगर-चंदादेवी मोटर मार्ग, पोखरी-सुंरग मोटर मार्ग, इलाईजर-चमोली मोटर मार्ग, बरेली-अल्मोड़ा-सिरसा मोटर मार्ग, पतलोट-पश्यांगांव मोटर मार्ग तथा भीड़ापानी-महतोली मोटर मार्ग शामिल हैं।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने काली मंदिर परिसर में रौपे पौधे

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 755वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 755वें दिन अस्कोट के काली मंदिर परिसर में बृहद स्तर पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विक्रम सिंह पाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए जिससे सभी लोग पर्यावरण संरक्षण से जुड़ सकें। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता कुंडल चंद, हिमांशु पाल, प्रवेश कुमार तथा गौरव पांडे सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### जुलूसे मुहम्मदी को लेकर मंथन, कमेटी की बैठक

**नैनीताल ।** नगर के रजा कलब में हुई बैठक में आगामी 25 व 26 अगस्त को प्रस्तावित बारह रबीउल अव्वल जुलूसे मुहमदी को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इससे पहले पूर्व जश्ने ईद मिलादुनबी कमेटी ने नवनियुक्त कमेटी को अहले आवाम की मौजूदगी में संपूर्ण चार्ज दिया। इस मौके पर कमेटी ने 26 अगस्त को निकलने वाले जूलूस में सभी अहले आवाम से गुजारिश की सभी लोग जुलूस को सफ ल बनाए । इस मौके पर कमेटी के सदर सैय्यद समीर अली, नायाब सदर मो0कासिम सचिव राशिद वारसी, पूर्व सदर फि रोज खान, पूर्व महासचिव मो.0खालिद, पूर्व नायाब सदर मो. 0फ हीम, पूर्व कोषाध्यक्ष परवेज, शान अहमद, अबदुल हुसैन, रहीस बकश, शाहिद अली वारसी, रहीस अहमद, अजीजुल हसन, समीर अहमद मन्नू, आफ ताब अहमद, शादाब, मो0.याकूब, नवाब, सलमान, अबदुल वासिद, इकबाल हुसैन, सरपरस्त जमीर अहमद और अहले आवाम मौजूद रही।

### मॉडर्न स्कूल दिल्ली और शेरवुड कालेज भिड़ेंगे फ इनल में



**नैनीताल।** शेरवुड कॉलेज में आयोजित नेशनल इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता सेमीफ इनल मुकाबलों में शेरवुड कॉलेज नैनीताल और मॉडर्न स्कूल बाराखंभा नई दिल्ली ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दोनों टीमों ने अपने अपने मुकाबले 3-0 के अंतर से जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। सोमवार को खेले गए पहले सेमीफ इनल मुकाबले में शेरवुड कॉलेज नैनीताल का सामना लॉरेंस स्कूल सनावर से हुआ। शेरवुड कॉलेज के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और शेरवुड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 3-00 से अपने नाम किया और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में मॉडर्न स्कूलए बाराखंभा और पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू आमने.सामने थे। इस मुकाबले में भी मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रभावी खेल दिखाते हुए पाइनग्रोव स्कूल को 3-00 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।मंगलवार को फाइनल खेला जाएगा।

# अभिमत

## जीत और चेतावनी

*चिकित्सा शिक्षा के लिए प्रवेश की 'नीट' परीक्षा में पेपर लीक को लेकर पूरे देश में युवाओं के सड़क पर उतर आने से स्थिति चिंताजनक हो गई थी। आक्रोशित युवाओं पर दमन की कोशिश की गई। युवा डरे नहीं और आर-पार की लड़ाई पर डटे रहे। अंततः सरकार को झुकना पड़ा। आंदोलन समाप्त होने को युवाओं की जीत मानना अनुचित नहीं है, लेकिन यह चेतावनी भी है। शिक्षा और रोजगार में आरक्षण की नीति को लेकर भविष्य में युवाओं के गुस्से का ज्वालामुखी भड़क सकता है।*

परिवार और समाज से लेकर देश में हमेशा बदलाव युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। चिकित्सा शिक्षा के लिए प्रवेश की 'नीट' परीक्षा में पेपर लीक को लेकर पूरे देश में युवाओं के सड़क पर उतर आने से स्थिति चिंताजनक हो गई थी। आक्रोशित युवाओं पर दमन की कोशिश की गई। युवा डरे नहीं और आर-पार की लड़ाई पर डटे रहे। अंततः सरकार को झुकना पड़ा। आंदोलन समाप्त होने को युवाओं की जीत मानना अनुचित नहीं है, लेकिन यह चेतावनी भी है। शिक्षा और रोजगार में आरक्षण की नीति को लेकर भविष्य में युवाओं के गुस्से का ज्वालामुखी भड़क सकता है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि पेपर लीक नहीं होने देने के लिए तंत्र को मजबूत किया जायेगा तथा दोषियों के खिलाफ कड़े कदम उठाये जायेंगे। कई दर्जन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिस तरह से युवाओं ने पेपर लीक को लेकर देशव्यापी आंदोलन किया है, उसी तरह मंडल कमीशन की सिफारिश लागू करने पर आरक्षण के खिलाफ युवाओं ने उग्रता दिखाई थी। आत्मघाती कदम उठाया था। नीट की परीक्षा से छात्रों को चिकित्सक की शिक्षा के लिए मेडिकल कालेजों में प्रवेश मिलता है। सामान्य वर्ग के छात्र को औसतन 80 प्रतिशत प्राप्तांक पर भी प्रवेश मिलता है, जबकि आरक्षित वर्ग के छात्र 40 प्रतिशत अंक पर ही प्रवेश पा जाते हैं। सवाल यह उठता है कि 40 प्रतिशत अंक वाले डाक्टर से गुणवत्तापूर्ण उपचार की उम्मीद कैसे की जा सकती है? जातिवाद की राजनीति करने वालों ने पेपर लीक को लेकर हो रहे आंदोलन में घुसपैठ करने की कोशिश की। किशोर उम्र के छात्र-छात्राओं और युवाओं ने पैंतरेबाज नेताओं की दाल नहीं गलने दी। कॉकरोच जनता पार्टी फिलहाल राजनीति से हटकर जेन-जी यानि युवाओं का नेतृत्व करने वाले संगठन के रूप में उभर कर आई है। आंदोलन की सफलता का काफी हद तक श्रेय सोशल मीडिया को दिया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं बनती है और शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों के लिए युवाओं को संगठित करती है तो सुधार की उम्मीद की जा सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में आरक्षण समाप्ति पर सभी पक्षों को गंभीरता से विचार करके सहमति स्थापित करने की जरूरत है। आरक्षण की व्यवस्था वोट बैंक के लिए सात दशक तक लागू करके प्रतिभाशाली युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। आरक्षित जातियों के युवाओं को माइनस नंबर आने पर भी मेडिकल की पढ़ाई में प्रवेश मिल जाता है। नौकरी विरासत और पुरस्कार के तौर पर मिल जाती है, तो वह पढ़ाई के लिए मेहनत क्यों करें?

# कुमाऊं कमिश्नर ने ली कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक

**प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें कर पात्र व्यक्तियों को आवास सूची में शामिल करने के निर्देश**

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सोमवार को कमिश्नर कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने जिला सभागार में ग्राम्मोत्थान, रीप, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व वीबीजी राम जी योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएलएफ,स्वंय सहायता समूहों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देते हुए उनके उत्पादों की उच्च गुणवत्ता व पैकेजिंग कराते हुए विपणन व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में खुली बैठके कराकर सभी पात्र व्यक्तियों को आवास सूची में शामिल करने के निर्देश भी दिये।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि ग्राम्मोत्थान रीप परियोजना के अन्तर्गत जनपद में 37 सीएलएफ संचालित है व 5972 स्वयं सहायता समूह संचालित है जिसमे लगभग 57000 परिवार जुड़े है। उन्होने बताया कि रीप परियोजना के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद कलेक्शन के लिए 32 कलेक्शन सेंटर स्वीकृत है, जिसमे से 17 कलेक्शन सेंटर का कार्य पूर्ण हो चुका है। एक सीएलएफ जरबेरा फूल उत्पादन पॉलीहॉउस का कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि रीप परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण कूड़ा प्रबंधन हेतु 3 विकास खंडों में कूड़ा गाड़िया उपलब्ध करायी गयी है। इसी तरह महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने हेतु ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण देते हुए 48 महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा वितरित किये गये है। प्रत्येक विकास खंड में सामुदायिक लाईब्रेरी बनायी जा रही है, जिनका संचालन स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जायेगा। इसी तरह समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने हेतु स्मार्ट डेरी स्थापना, मशरूम उत्पादन, स्मार्ट दीदी किचन, सिलाई सेंटर बनाये जा रहे है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद में 49 हजार 2 सौ 99 लखपति दीदी बनाये गये है। योजनान्तर्गत 7 विकास खंडों में मूंज घास,रजाई,मसाला, मत्स्य,मिल्क, खिलौने, बेकरी के 7 ग्रोथ सेंटर बनाये गये है। उन्होने बताया प्रधानमंत्री ग्रामणी आवास योजना के अन्तर्गत पूर्व में 10092 प्रधानमंत्री आवास वितरित किये जा चुके है, वर्तमान में 11602 प्रधानमंत्री आवास हेतु आवेदन प्राप्त हुए है जिनका ग्राम पंचयतो में खुली बैठक कराकर पात्रता का सत्यापन कराया जा रहा है। वीबीजी राम जी योजना के अन्तर्गत 125 दिन प्रत्येक परिवार को रोजगार गारंटी कर दिया गया है साथ ही 7 दिन के भीतर मजदूर भुगतान भी कर दिया गया है।

बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, पीडी हिमांशु जोशी,डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, एपीडी रमा गोस्वामी,सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या राजेन्द्र तिवारी,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वीके सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, सीईओ हरेन्द्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चैधरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील सहित सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत

लालकुआं
हमारे संवाददाता

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में सोमवार को नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने शिरकत की।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान पूजा बिष्ट और कॉलेज अभिभावक संघ के उपाध्यक्ष संजय दुमका मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह लोटनी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहें और शिक्षा के साथ अनुशासन एवं संस्कारों को जीवन में अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, अभिभावक एवं नवप्रवेशी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# घायलवस्था में सड़क किनारे मिले दंपति,चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

दानपुर से धर्मपुर की ओर रिंग रोड से होकर जा रहे पति पत्नी को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क से नीचे दूर जा छिटके। घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश की तलाश शुरू कर दी। धर्मपुर निवासी 48 वर्षीय संतोष यादव

सिडकुल की किसी कंपनी में प्रोडक्शन डिपार्मेंट में तैनात थे। सोमवार शाम को वह अपनी 40 वर्षीय पत्नी सुनीता यादव के साथ रिंग रोड से दानपुर से धर्मपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को रौंद दिया। टक्कर के बाद दोनों काफी दूर सड़क किनारे जा गिरे। घटना के बाद चालक मय वाहन सहित फरार हो गया। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से वाहन के पुर्जे मिले हैं। इससे पुलिस को दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने में मदद मिलने की उम्मीद है। पुलिस रिंग रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उधर हादसे टी जानकारी मिलने पर गांव के तमाम लोग मोर्चरी पहुंच। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। उधर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मोर्चरी पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया।

# फिल्मी दुनिया

## अब अपराध से सतर्क करेंगे अजय देवगन





*क्राइम पेट्रोल के नए सीजन का प्रोमो रिलीज हो चुका है। इस नए सीजन के होस्ट अजय देवगन करेंगे। प्रोमो के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को समाज में हो रहे अपराधों के प्रति सतर्क किया।*

*क्राइम शो क्राइम पेट्रोल ने अपने नए सीजन क्राइम पेट्रोल क्राइम का करेंट सीजन की अनाउंसमेंट कर दी है। शो के नए प्रोमो में मेकर्स ने फैंस के साथ बड़ा खुलासा किया। इस नए सीजन की सबसे खास बात यह है कि अभिनेता अजय देवगन इस शो को होस्ट करेंगे। क्राइम पेट्रोल टेलीविजन का एक लोकप्रिय सीरियल है। इस शो में क्राइम की कहानियों को नाट्य रुपांतरण के जरिए दिखाया जाता है। शो को कई साल तक एक्टर अनूप सोनी ने होस्ट किया। मगर इस सीजन से मेकर्स ने इसमें बड़ा बदलाव किया है। शो के नए प्रोमो में नए होस्ट अजय देवगन समाज की अपराधिक स्थितियों पर बात करते नजर आए। अपराधिक कहानियों और वारदातों पर आधारित शो क्राइम पेट्रोल जल्द ही प्रसारित होने वाला है। प्रोमो के अनुसार शो 31 अगस्त 2026 को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा इसे सोनी लिव पर भी स्ट्रीम किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के पहले 15 एपिसोड की शूटिंग हो चुकी है।*

### प्रोमो में क्या बोले

*क्राइम पेट्रोल के प्रोमो में अजय ने शो के पीछे के मकसद और समाज में बढ़ रहे अपराधों पर चर्चा की। क्राइम पेट्रोल जैसे शो के साथ जुड़ना मेरे प्रशंसकों और दर्शकों के प्रति एक जिम्मेदारी जैसा लगता है। इस शो ने अपराध की कहानियों को समझने और दर्शकों में जागरूकता पैदा करने की एक मिसाल कायम की है। हम अब ऐसी कहानियां लेकर आ रहे हैं जिन्होंने पूरे देश को झकझोर दिया है।*

# यूओयू में वंदे मातरम्' अभियान मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रोफेसर रेनू प्रकाश ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर शांशक शुक्ला ने 'वन्दे मातरम' के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'वन्दे मातरम' भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रभक्ति, जन-जागरण और राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी ने की। विश्वविद्यालय परिसर में 'वंदे मातरम' की भावना एवं देशभक्ति को केंद्र में रखते हुए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर 'वंदे मातरम्' से संबंधित आकर्षक एवं



सृजनात्मक डिजाइनों को उकेरा। प्रतिभागियों की कला, विषय-वस्तु की प्रासंगिकता, मौलिकता, सौंदर्यबोध एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर निर्णायक मंडल प्रो.मंजरी अग्रवाल, डॉ.नीरजा सिंह, डॉ.कल्पना लखेरा द्वारा मूल्यांकन किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता एवं राष्ट्रीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में स्वस्थ एवं सकारात्मक सहभागिता का वातावरण निर्मित करती हैं।कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. रेनू प्रकाश ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 15अगस्त 2026 को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## News कॉर्नर

### भाजपा नेता रावत को पुनः भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए

नैनीताल । नैनीताल-ऊधमसिंहनगर के सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि तथा नैनीताल के वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह रावत को पुन: भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बना दिया गया है।

इस बीच रावत ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है उसे वह पूर्व की तरह लगन व निष्ठा से निभायेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना तथा सरकारी योजनाओं को लाभ संबंधित लोगों को दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। दूसरी ओर रावत को फिर से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर भाजपाईयों ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित व बायो में प्रवेश का अंतिम अवसर 12 को

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में बीएससी प्रथम सेमेस्टर (गणित एवं बायो) में नवीन पंजीकरण एवं पुराने पंजीकरण वाले ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश अभी तक अपना प्रवेश नहीं ले पाए हैं,ऐसे विद्यार्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। परिसर प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक संबंधित विद्यार्थी 12 अगस्त (बुधवार) को प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण एवं प्रवेश की पुष्टि कर लें। 12 अगस्त को प्रात: 11 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश संभव नहीं होगा। अत: सभी संबंधित विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

# हर घर तिरंगा अभियानन्रंगोली प्रतियोगिता में बसुंधरा सदन रहा अव्वल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में हर घर तिरंगा अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। बता दें प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयती दीक्षित की अध्यक्षता तथा हर घर तिरंगा अभियान 2026 के नोडल अधिकारी डॉ. तरुण कुमार आर्य के निर्देशन में प्रथम दिन छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय मे तिरंगे से प्रेरित कलाकृतियों का चित्रण किया गया जबकि द्वितीय दिवस को प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता में तिरंगे से प्रेरित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा की एवम प्रतिभागियों सहित समस्त छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।




रंगोली प्रतियोगिता मे अंबर सदन से कंचन, ज्योति, अनुराधा ने वहीं वसुन्धरा सदन से हर्षिता, माही, हिमानी ने तथा तरंगिणी सदन से हिमानी, इरम बेनजीर तथा कविता ने प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी डॉ. तरुण कुमार आर्य द्वारा प्रतियोगिता का संचालन एवम परिणाम की घोषणा की। प्रतियोगिता में वसुन्धरा सदन ने प्रथम, अंबर सदन ने द्वितीय तथा तरंगिणी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक मंडल में डॉ जयति दीक्षित, डॉ. ईप्सिता सिंह, श्रीमती ममता पांडे एवं डॉ निर्मला रहे। अंत में प्राचार्य द्वारा विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

महाविद्यालय में एक अन्य कार्यक्रम अखिल भारतीय शिक्षा समागम में प्राचार्य डॉ सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी डॉ निर्मला द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सामाजिक प्रगति एवं राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में शिक्षा की परिकल्पना पर कहानी एवं कविता लेखन की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

कहानी प्रतियोगिता में इरम बेनजीर ने प्रथम, रेशमा बिष्ट ने द्वितीय तथा प्रियंका बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में बबीता ने प्रथम, पूनम एवं अनुराधा ने द्वितीय स्थान तथा सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती ममता पांडे एवं श्री संतोष भारती रहे।

# किसानों के समझौते पर सरकार को घेरा, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ने किसानों की लंबित मांगों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

संगठन ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तहसील हल्द्वानी के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भेजकर 9 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार और किसानों के बीच हुए लिखित समझौते को लागू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), किसानों की कर्जमाफी, बिजली के निजीकरण पर रोक तथा किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने सहित कई मुद्दों पर लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन वर्षों बाद भी इन मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को किसानों की मांगें पूरी करने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया। किसान महासभा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को भारतीय कृषि, उद्योग, श्रमिकों और राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की। साथ ही सभी फसलों पर सी2 लागत का 50 प्रतिशत जोड़कर एमएसपी देने, किसानों की व्यापक कर्जमाफी, आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों को 25 लाख रुपये मुआवजा और पूर्ण पुनर्वास देने की मांग उठाई। ज्ञापन में चारों श्रम सौंहिताओं को रद्द कर श्रमिकों के लिए 42 हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतन तय करने, मनरेगा में 200 दिन रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा विद्युत निजीकरण विधेयक-2025, बीज विधेयक-2025 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेने तथा जबरन भूमि अधिग्रहण व कॉरपोरेट भूमि पुलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के सचिव दीवान सिंह बरगली, कार्यकारिणी सदस्य प्रेम सिंह नयाल और हरक सिंह बिष्ट ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, तहसील हल्द्वानी को सौंपा।



# 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' विषय पर सीएम के 'निबंध मंथन' से जुड़े बीएलएम एकेडमी के विद्यार्थी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने सोमवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' विषय पर आयोजित 'निबंध मंथन' कार्यक्रम में लाइव प्रसारण के माध्यम से उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

देहरादून से प्रसारित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए युवा शक्ति, नेतृत्व क्षमता और विकसित उत्तराखंड के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को लीडरशिप (नेतृत्व) की व्यापक अवधारणा से परिचित कराते हुए कहा कि नेतृत्व किसी पद अथवा अधिकार तक सीमित नहीं है। प्रत्येक विद्यार्थी अपने ज्ञान, प्रतिभा, विचारों, निर्णय क्षमता और



जिम्मेदारी के माध्यम से जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकता है। शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, खेल, कला, प्रशासन, उद्यमिता और सामाजिक सेवा—हर क्षेत्र में युवाओं के लिए नेतृत्व के अवसर हैं।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में यह विश्वास और संकल्प मजबूत किया कि 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि युवा नेतृत्व, नवाचार, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयासों से साकार होने वाला भविष्य है।

# सावन माह के अंतिम सोमवार को श्री मां नयना देवी मंदिर में हुआ भव्य पार्थिव पूजा का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सावन माह के अंतिम सोमवार को नैनीताल के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की काफी भीड़ लगी रही।भक्तों ने उपवास रखकर घरों के साथ ही मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की। मंदिरों में भी दिनभर माहौल भक्तिमय बना रहा।

दूसरी ओर श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट नैनीताल द्वारा सावन माह के अंतिम सोमवार को मंदिर परिसर में भव्य पार्थिव पूजा का आयोजन किया गया।पूजा अनुष्ठान में मुख्य यजमान के रूप में दीवान सिंह ढेला ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। यह धार्मिक अनुष्ठान मुख्य पुजारी बसन्त बल्लभ पाण्डेय, चंद्रशेखर तिवारी, भुवन कांडपाल, गणेश बहुगुणा एवं नवीन चंद्र तिवारी के सानिध्य व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया।आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव हेमन्त शाह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी, उपसचिव प्रदीप कुमार शाह एवं मनोज चौधरी समेत प्रशासनिक अधिकारी सुरेश मेलकानी, बसन्त जोशी एवं मंदिर परिसर के अन्य सदस्य व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस दौरान प्रसाद ग्रहण किया गया।



### सीआरएसटी कॉलेज मे हुई प्रो.भाकुनी के निधन पर शोक सभा

नैनीताल । सीआरएसटी इंटर कॉलेज में सोमवार को हुई शोक सभा में विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव भाकुनी के पिता प्रो. डी. एस.भाकुनी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। बता दें स्वर्गीय प्रो. डी. एस भाकुनी 83 वर्ष के थे तथा कुमाऊँ विश्विद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल के भौतिकी विभाग में पूर्व प्रोफेसर थे। उनके निधन पर विद्यालय के शिक्षक/छात्रों तथा कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी मे प्रभु से सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# टैक्स बार की कमान फिरोज अंसारी के हाथ

हल्द्वानी/रामनगर

हमारे संवाददाता

टैक्स बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी की ताजपोशी हो गई है। रामनगर के एक निजी रिसॉर्ट में सोमवार को हुई द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए मौ. फिरोज अंसारी को अध्यक्ष और मनु अग्रवाल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी। नई टीम ने साफ कर दिया कि बार की मजबूती के साथ अधिवक्ताओं के अधिकारों और आमजन से जुड़े कानूनी मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। निर्वाचन में मौ. फिरोज



अंसारी अध्यक्ष, मनु अग्रवाल महासचिव, गुलरेज रजा उपाध्यक्ष, जीशान मलिक उपसचिव, मनोज सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार राही पुस्तकालयाध्यक्ष और विशाल रस्तोगी प्रेस प्रवक्ता चुने गए। वहीं पूरन चंद्र पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष मौ. फिरोज अंसारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर संगठन को और मजबूत करना होगी। अधिवक्ताओं के हितों के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने संगठन की ओर से अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पैरवी का भरोसा दिलाया।

महासचिव मनु अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव और युवा अधिवक्ताओं की ऊर्जा को साथ लेकर बार को नई दिशा देने का प्रयास होगा। आमजन को कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के लिए नि:शुल्क विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# युगमंच ने प्रस्तुत किया नाटक ओ जन्मया नई का मंचन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

युगमंच की गौरवशाली प्रतिबद्ध रंगयात्रा के पचास वर्ष पूर्ण होने के अवसर साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में निर्मल पाण्डे के जन्मदिन पर उनको समर्पित करते हुए युगमंच द्वारा सोमवार से दो दिवसीय निर्मल पाण्डे स्मृति नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय निर्मल पाण्डे स्मृति नाट्य समारोह के शुभारंभ के अवसर पर समस्त रंगकर्मियों ने निर्मल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।समारोह के पहले दिन युगमंच ने प्रस्तुत किया नाटक ओ जन्मया नई का प्रभावपूर्ण मंचन किया इस नाटक को मूल रूप से निर्मल पाण्डे द्वारा निर्देशित किया गया था जिसे अब जहूर आलम के निर्देशन में प्रस्तुत किया जा रहा है।दूसरे दिन यानी मंगलवार (आज) प्रयोगांक संस्था द्वारा हरीश राणा द्वारा लिखित नाटक अंतिम युद्ध की प्रस्तुति दी जाएगी।



नाट्य प्रस्तुति के दौरान साहित्यकार प्रो. लक्ष्मण सिंह बिष्ट बटरोही, पूर्व विधायक डॉ नारायण सिंह जंतवाल, प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट, रंगकर्मी विक्रम स्याल, आकाश नेगी, हसन रजा, हरीश राणा, राजेश आर्य, डा.मोहित सनवाल, रोहित वर्मा, किशन लाल, मदन मेहरा, मीरा स्याल, राजेंद्र लाल शाह, धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ मनोज बिष्ट, खीम राज देऊपा, पुष्पा शर्मा, अनीता चौधरी, अजय पंवार, दीपक सहदेव, कौशल शाह, रफ त आलम आदि ने उपस्थित होकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन युवा रंगकर्मी मदन सिंह मेहरा ने किया।कलाकारों में जहूर आलम, मिथिलेश पाण्डे, भास्कर बिष्ट, डी के शर्मा, नवीन बेगाना, नीरज डालाकोटी, प्रियांशु, हर्षिता, पवन कुमार, मनोज कुमार, अदिति खुराना, सौरभ, नकुल, युवराज, डॉ हिमांशु पाण्डेआदि द्वारा योगदान दिया गया जबकि संगीत नवीन बेगाना के निर्देशन में दिया।